प्रति,

प्राचार्य,

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य

महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

विषय :— **शैक्षणिक भ्रमण की अनुमति प्रदान करने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में निवेदन है कि एम.ए. हिन्दी के विद्यार्थियों को **'साँची' शैक्षणिक भ्रमण** पर दिनांक 29/11/2022 को ले जाने का कार्यक्रम है। भ्रमण का उद्देश्य इस प्रकार है —

1. हिन्दी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भारतीय इतिहास के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का अध्ययन अध्यापन करवाया जाता है।
2. बौद्ध साहित्य से ही सिद्ध साहित्य निसृत है। सिद्धों का प्रभाव मध्यकालीन कवियों पर भी पड़ा है जिसमें प्रमुख कवि संत कबीर है।
3. साँची स्तूप बौद्ध–साहित्य, धर्म, कला एवं संस्कृति का बेजोड़ नमूना है। विद्यार्थियों को बौद्ध–साहित्य के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप से अवगत कराना है ताकि उनका ज्ञानवर्धन हो सके।
4. धर्म, दर्शन, इतिहास आदि हिंदी साहित्य के परस्पर पूरक विषय हैं। यात्रा संस्मरण साहित्य की एक विशिष्ट विधा है जिसके प्रमुख साहित्यकार राहुल सांस्कृत्यायन और भदन्त आनंद कौशलयायन इत्यादि रहें हैं जिन्होंने अनेक अविस्मरणीय यात्राओं का वर्णन लिखा है।

शैक्षणिक भ्रमण का यह एक प्रमुख उद्देश्य है कि छात्रों में रचनात्मक लेखन क्षमता का विकास करना और नए भाषिक शब्दों से परिचय कराना है।

अतः विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने की अनुमति प्रदान करें।

अनुमति दी जाती है

24.11.22

डॉ. शारदा सिंह
विभागाध्यक्ष, हिन्दी
शा. हमीदिया कला एवं वाणिज्य
महाविद्यालय, भोपाल

**कार्यालय प्राचार्य**

**शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.**

Website :http://www.govhamidiacollege.com, Ph./Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

क्रमांक/3742/शा.ह.म./22

भोपाल,दिनांक 17/8/22

# कार्यालयीन आदेश

विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत MPHEQIP में प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन उपरांत समिति की अनुशंसा को स्वीकार कर निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन राशि आवंटित की जाती है–

| विभाग का नाम | गतिविधि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | राष्ट्रीय सेमिनार | 1,00,000/– |
| क्रीड़ा | जूडो कराटे प्रशिक्षण | अनुमति प्रदत्त |
| | योग कार्यशाला | अनुमति प्रदत्त |
| हिन्दी | शैक्षणिक भ्रमण | 9,000/– |
| | व्याख्यान | 6,000/– |
| राजनीतिशास्त्र | प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रशिक्षण | 30,000/– |
| चित्रकला | कार्यशाला | 50,000/– |
| समाजशास्त्र | शैक्षणिक भ्रमण | 15,000/– |
| इतिहास | व्याख्यान | 5,000/– |
| मनोविज्ञान | राष्ट्रीय सेमिनार | 1,00,000/– |
| | कार्यशाला | 20,000/– |
| वाणिज्य | कार्यशाला<br>प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी<br>औद्योगिक भ्रमण<br>शोध जर्नलस की सदस्यता<br>व्याख्यान | 76,000/– |
| कुल योग | | 4,11,000/– |

नियम एवं शर्तें–

1. गतिविधियों के फ्लेक्स, पोस्टर, ब्रोशर, पर विश्वबैंक परियोजना अंतर्गत MPHEQIP मद में अकादमिक उत्कृष्टता हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त अवश्य अंकित होना चाहिये। विश्व बैंक का मोनो भी अपेक्षित है।
2. गतिविधि उपरांत न्यूनतम 4 जियोटेग फोटो एवं 2 पेज की विस्तृत रिपोर्ट (अनिवार्यतः) दिनांक 28.02.2023 के पूर्व विश्व बैंक प्रकोष्ठ में प्रस्तुत करें।
3. रूपये 5,000/– से अधिक के बिल पर GST क्रमांक अंकित होना चाहिये।
4. मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।
5. कोरोना प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।
6. स्वीकृत राशि का 80 प्रतिशत अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। शेष विस्तृत रिपोर्ट, फोटो एवं बिल वाउचर्स के समायोजन उपरांत दिनांक 31.03.2023 के पूर्व निर्गत कर दिया जायेगा।

(डॉ. अनिल शिवानी)
प्रभारी प्राचार्य
Govt. Hamidia Arts and Commerce College, BHOPAL

पृ.क्रमांक/3743/शाहम/22 भोपाल दिनांक 17/8/22

प्रतिलिपि–

1. विश्व बैंक संचालनालय की ओर सूचनार्थ।
2. लेखापाल को इस आशय के साथ कि विश्वबैंक परियोजना के रूपये 6.00 लाख के आवंटन के विरूद्ध उपरोक्तानुसार स्वीकृत राशि निर्गत करें।
3. संबंधित विभागों के प्रस्तावकों को इस आशय के साथ कि प्रस्ताव में वर्णित मदों के अनुसार मितव्ययिता पूर्वक राशि व्यय करें एवं समस्त बिल वाउचर्स का दिनांक 28.02.2023 के पूर्व समायोजन करायें।

प्रति,

प्राचार्य
शा. हमीदिया कला एवं वाणिज्य
महाविद्यालय भोपाल।

विषय:- शैक्षणिक भ्रमण हेतु अतिरिक्त राशि आवंटन बावत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत विनम्र लेख है कि हिन्दी विभाग अपने छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर दिनांक 29/11/2022 को ले जाना चाहता है। शैक्षणिक भ्रमण हेतु 5000/- रु. प्राप्त हुआ है। उस समय स्थानीय स्तर पर भ्रमण का प्रस्ताव रखा था। अब चूँकि सांची का भ्रमण कार्यक्रम तय हुआ है ऐसी अवस्था में लगभग 9000/- रु. नौ हजार मात्र की और आवश्यकता पड़ेगी अतः आपसे निवेदन है कि अतिरिक्त 9000/- (रु. नौ हजार मात्र) की राशि आवंटित करने का कष्ट करें।

(क)

सधन्यवाद।

दिनांक
26/11/2022

(क) स्वीकृत उपलब्धता आधार पर
प्रभारी क्रय/वि. ...
26.11.22

विभागाध्यक्ष
हिन्दी-विभाग
शासकीय हमीदिया कला एवं
वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल

विभागाध्यक्ष हिन्दी

डॉ. शारदा सिं...
प्रा० हिन्दी
शासकीय हमीदिया
कला एवं वाणिज्य
भोपाल

# शैक्षणिक भ्रमण

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल के हिन्दी विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों में यात्रा वृतांत एवं संस्मरण लेखन कौशल के विकास के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण (सांची स्तूप) का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हिन्दी विभाग के छः प्राध्यापक एवं लगभग 22 छात्र महाविद्यालय प्राचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में पर्यटन स्थल साँची बौद्ध स्तूप के लिए बस क्रमांक MP04-PA-1214 (अवन्तिका) वाहन से गए। दिनांक 29.11.2022 को सभी छात्र पालक की अनुमति लेकर प्रातः 8:00 बजे महाविद्यालय परिसर में उपस्थित हुए। 9:15 बजे महाविद्यालय से प्रस्थान किया। सभी छात्रों ने हमीदिया रोड पर स्वल्पाहार किया इसके बाद विदिशा रोड पर पृथ्वी को विभाजित करने वाली कर्क रेखा स्थल का दर्शन किया और यहाँ पर फलाहार भी किया। 11:30 बजे प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल साँची स्तूप पर पहुँचे। यहाँ बौद्ध धर्म के बारे में विशिष्ट जानकारी प्राप्त की। इसके बाद म्यूजियम में जाकर छात्रों ने ऐतिहासिक वस्तुओं को देखा 3:00 बजे के लगभग भोजन किया। उसके बाद हलाली डेम के पास बौद्ध तपो भूमि गए वहाँ वनों के बीच अनेक बौद्ध स्तूपों को देखा। सायंकाल 5:00 बजे वहाँ से निकले 7:30 बजे रात्रि महाविद्यालय परिसर में बस वापस पहुँची। यहाँ से सभी छात्र एवं प्राध्यापक घर के लिए प्रस्थान किए।

इस भ्रमण से छात्रों ने भारतीय इतिहास के बौद्ध कालीन विशेषताओं के बारे में निकटता से जाना और समझा। यह भ्रमण में यात्रा वृतांत और संस्मरण लेखन कौशल के विकास की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी रहा।

छात्रों में परस्पर प्रेम, सहयोग एवं सहकार की भावना को विकसित करने की दृष्टि से भ्रमण महत्वपूर्ण रहा। छात्रों में सामाजिक सरोकार की विशिष्टता इस शैक्षणिक भ्रमण में दिखाई दी। प्रकृति की विशिष्टताओं की अनुभूति का उल्लेख और उसकी सहज–सरल अभिव्यक्ति शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में विकसित हुई। कुछ छात्रों ने यात्रा वृतांत को स्मरणीय बनाने हेतु संस्मरण भी लिखा।

शैक्षणिक भ्रमण

दिनांक - 29/11/22

शा० हमीदिया महा० भोपाल के हिन्दी विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों में यात्रा वृतांत एवं संस्मरण लेखन कौशल के विकास के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण (सांची स्तूप) का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हिन्दी विभाग के 2 प्राध्यापक एवं लगभग 22 छात्र महा० प्राचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में पर्यटन स्थल 'सांची बौद्ध स्तूप' के लिए बस क्रमांक MP04PA1214 (अवन्तिका) से वाहन से गए।

दिनांक 29/11/22 को सभी छात्र पालक की अनुमति लेकर प्रातः 8 बजे महा० परिसर में उपस्थित हुए। 9:15 बजे महा० से प्रस्थान किया। सभी छात्रों ने हमीदिया रोड पर स्वल्पाहार किया इसके बाद विदिशा रोड पर पृथ्वी को विभाजित करने वाली कर्क रेखा स्थल का दर्शन किया और वहाँ पर फलाहार भी किया। 11:30 बजे प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल सांची स्तूप पर पहुँचे। यहाँ बौद्ध धर्म के बारे में विशिष्ट जानकारी प्राप्त की। इसके बाद म्यूजियम में जाकर छात्रों ने ऐतिहासिक वस्तुओं को देखा 3 बजे के लगभग भोजन किया। इसके बाद हलाली डेम से बौद्ध तपोभूमि गए वहाँ वनों के बीच अनेक बौद्ध स्तूपों को देखा। सायंकाल 5 बजे वहाँ से निकले 7:30 बजे शाम

कार्यक्रम प्रपत्र गति: कालि
2022-23

इस भ्रमण से छात्रों ने भारतीय इतिहास के बौद्धकालीन विशेषताओं के बारे में निकटता से जाना और समझा।

यह भ्रमण में यात्रा वृतांत और संस्मरण लेखन कौशल के विकास की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी रहा।

छात्रों में परस्पर प्रेम, सहयोग एवं सहकार की भावना को विकसित करने की दृष्टि से भ्रमण ~~अत्यंत~~ महत्वपूर्ण रहा। छात्रों में सामाजिक सरोकार की विशिष्टता इस शैक्षणिक भ्रमण में दिखाई दी।

प्रकृति की विशिष्टताओं की अनुभूति का उल्लेख और उसकी सहज-सरल अभिव्यक्ति शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में विकसित हुई। कुछ छात्रों ने यात्रा वृतांत को स्मरणीय बनाने हेतु संस्मरण भी लिखा

PRINCIPAL
Govt. [illegible] Commerce
College, Bhopal